हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 13 जून 2025

तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

10 अपनी फसलों का रजिस्ट्रेशन 100% सुनिश्चित...



10 नागरिक समाधान शिविर का उठाएं लाभ : डीसी



## खबर संक्षेप

### शराब पीने के दौरान दोस्त को चाकू मारा

**जींद।** पटियाला चौक पर शराब पीने के दौरान कहासुनी के चलते एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपित दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवपुरी कालोनी निवासी धर्मबीर ने बताया कि एचआरकेएन के तहत जयंती देवी के निकट टयुबवैल पर आपरेटर के पद कार्यरत है।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** वाहन चोरो पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार शिकंजा कसते बाइक चोरी करने के एक मामले में एक नाबालिग को पकड़ने के अतिरिक्त अन्य आरोपी को काबु किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की बलराज नगर निवासी कुलदीप की शिकायत अनुसार 1 जून को घर के सामने खड़ी बाइक को चोरी कर ले गए।

### दो पिस्तौल के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने जामनी-भूरायण रोड पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद की है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव भूरायण रोड पर निर्माणाधीन धर्मशाला के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा था।

### मकान में घुसकर चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** मकान में घुसकर आभूषण चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई शुभकरण सिंह व एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मुरथली जिला कुरुक्षेत्र निवासी बलविंद्र सिंह, इंद्रगढ जिला रोहतक सुनील कुमार व मुकेश कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### क्लीनिक संचालक को मारा बंदूक का बट, केस

**जींद।** गांव हाट में क्लीनिक में घुस कर संचालक पर बंदूक के बट से वार कर घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव हाट निवासी रिषीपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह अपने क्लीनिक में बैठा हुआ था।

### चोरी के दो आरोपी दबोचे 50 किलो सरिया बरामद

**कैथल।** चोरों पर शिकंजा कसते मकान से सरिया चोरी के मामले में थाना पुलिस ने 2 आरोपितों को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत निवासी विकास कुमार की शिकायत अनुसार उन्होंने सरिया रखा हुआ था। अज्ञात ने मकान से 106 किलो लोहा सरिया चोरी कर लिया गया। पूछताछ दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 50 किलो लोहा सरिया बरामद किया गया।

### कार्यालय से दो लाख की नकदी और दस्तावेज चोरी

**जींद।** कन्या गुरूकुल शादीपुर में अधिवक्ता कार्यालय से दो लाख रुपये की नकदी तथा जरूरी कागजात गायब हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना निवासी रिनय ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसका जुलाना कन्या गुरूकुल में कार्यालय है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से लाखों रुपये ठगी करने वालो आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। एएसआई रोहताश की टीम द्वारा करते आरोपी गांव कुटेल जिला करनाल निवासी जितेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया।

### तापमान 42 डिग्री पर स्थिर, बरसात होने की अभी संभावना नही, फिलहाल और सताएगी गर्मी

# मौसम का कहरः लू और गर्म हवाओं से जनता बेहाल बिजली के लग रहे अघोषित कट, सड़कें हुई विरान

### मौसम के तल्ख तेवर से आवागमन करने वालों को और भी असुविधा हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार जारी है। सुबह होने के साथ ही तेज धूप और भीषण गर्मी का सितम शुरू हो गया। तेज गर्म हवाओं ने लोगों के चेहरे को झुलसा दिया। वीरवार को अधिकतम तापमान 42 से ज्यादा रहा। न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। आठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवा चलने से लोगों को चेहरा झुलस रहा था। दोपहर में गर्मी का असर चरम पर रहा। गर्मी से बचने के लिए लोग बाजारों में सत्तू का शर्बत, खीरा, ककड़ी, नारियल पानी, कोल्ड ड्रिंक्स, शरबत का सेवन करते नजर आए। मौसम के तल्ख तेवर से आवागमन करने वालों को और भी असुविधा हो रही है। गर्मी और लू के थपेड़ों के कारण जिला मुख्यालय में 12 बजे के बाद मुख्य बाजार, मुख्य चौराहों व सार्वजनिक जगहों पर आवाजाही कम नजर आई। हर कोई सिर और चेहरा ढक कर खुद को गर्मी से बचाने का प्रयास करते नजर आए। भीषण गर्मी से बेचैन लोग बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। जिसके चलते दोपहर को शहर के प्रमुख बाजार व चौराहों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। गर्मी ने पूरी तरह जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दिन-रात रहा बिजली आने-जाने का सिलसिलाः शहर में रात को तीन-चार लंबे-लंबे घोषित कट लगे जबकि अघोषित कटों का भी सिलसिल जारी रहा। शहर की कई कॉलोनियों में देर रात बिजली चली गई थी। इसको लेकर बिजली उपभोक्ताओं कट लगने की शिकायत निगम कर्मचारियों को देते रहे लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान देर रात तक हो पाया। पटियाला चौक स्थित पटेल नगर में तो बिजली रातभर गुल रही और सुबह दस बजे तक भी बहाल नही हो पाई। वहीं भीषण गर्मी के चलते बच्चे, बुजुर्गों और बीमार हो रहे हैं। हालांकि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली जाने का दौर लगातार जारी रहता है। ग्रामीण क्षेत्र में तय शेडयूल अनुसार बिजली मुहैया नहीं होती। बुधवार रात को शाम सात बजे के बाद पांच बार बिजली आपूर्ति बाधित हुई। बिजली केघोषित और अघोषित कटों से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### खरीफ की फसलों में शाम को ही सिंचाई करने की सलाह



जींद। दोपहर के समय सुनसान नजर आ रहा गोहाना रोड। फोटो :हरिभूमि

#### पंद्रह के आसपास बदलेगा मौसम

पांडू पिंडारा मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार नही हैं। 15 जून के आसपास मौसम में बदलाव होगा। तापमान में हलकी गिरावट जरूर आएगी लेकिन लू चलने का दौर जारी रहेगा।

#### आगे ऐसा रहेगा तापमान

*जिले में आगामी दिनों में तापमान में थोड़ी सी गिरावट देखने को मिलेगी लेकिन गर्मी का प्रकोप बरकरार रहेगा। इसको लेकर शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रहेगा। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम 30 डिग्री रहेगा। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रहेगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हालांकि वीरवार को हल्के बादल छाएंगे और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा।*



जींद। अस्पताल में दवा लेने के लिए लगी मरीजों की लंबी लाइन।

#### नागरिक अस्पताल में उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े

**जींद।** दिनोंदिन बढ़ रहे तापमान व हीट वेव ने जहां आमजन को परेशान करके रख दिया है वही नागरिक अस्पताल में इन दिनों उल्टी, दस्त व लू लगने से पीड़ित मरीजों की संख्या में अच्छा खासा इजाफा हो गया है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर उल्टी व दस्त लगे हुए हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन द्वारा भी संदिग्ध मरीजों के टैस्ट करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की अच्छी-खासी संख्या है। पिछले चार दिनों से गर्मी भीषण रूप धारण किए हुए है। तापमान भी 42 तक पहुंच रहा है। जिसके चले हीट स्ट्रोक के साथ डिहाईड्रेशन का खतरा भी लगाता बना हुआ है। भीषण गर्मी तथा लू चलने से उल्टी दस्त, पेट दर्द के मामलों में इजाफा हुआ है। सबसे ज्यादा बच्चों तथा बुजुर्ग लोग चपेट में आ रहे है। जिसके चलते नागरिक अस्पताल की ओपीडी अधिक संख्या में लोग गर्मी लगने, उल्टी व दस्त लगने की शिकायल लेकर पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल में वायरल पीड़ित लोगों का टैस्ट भी करवाए जा रहे हैं और इसे लेकर उचित उपचार तथा बचाव की जानकारी भी दी जा रही है। वायरल की चपेट में बच्चे तथा बुजुर्ग ज्यादा आ रहे हैं वहीं युवा भी इसकी चपेट में आने से बच नहीं पा रहे हैं।

## राजौद : बसों का ठहराव न होने से इंदिरा कॉलोनी वासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौद

नगर के जींद रोड पर इंदिरा आवास कॉलोनी के लोगों को बस न रुकने से गर्मी के मौसम में भारी परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि कालोनी के लोगों को डेढ़ से 2 किलोमीटर तक मुख्य मार्ग तक पैदल चलना पड़ रहा है और फिर घर वापस जाने के लिए भी इतना ही सफर पैदल तय करने को विवश होना पड़ रहा है। क्योंकि बस के परिचालक को अगर बस रोकने को कहते हैं तो कहने के बावजूद भी वहां बस नहीं रोकी जाती। जिससे गर्मी में बीमार व्यक्ति व बच्चें तथा वृद्ध लोगों को वहां से पैदल चलना भयंकर गर्मी के इस मौसम में बहुत मुश्किल होता है। इस बारे में इंदिरा आवास कॉलोनी के निवासी राम कुमार फौजी, राजपाल, रामपाल, हवा सिंह, पूर्व सैनिक राम कुमार ने बताया कि इस बारे में जींद डिपो के जीएम को लिखित में भी दिया था की यहां एक बस स्टोपिज बनाया जाए। लेकिन उसके बावजूद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इन लोगों ने कहा कि इसे लेकर शीघ्र ही जिला उपायुक्त से मिलेंगे।



राजौद। इंदिरा आवास कॉलोनी का दृश्य

## प्यास से सूखे कंठ तो जाम लगा जताया रोष

### पौना घंटा बाधित रहा नरवाना-टोहाना मार्ग, एसडीओ के आश्वासन पर माने कालवनवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कालवन की महिलाओं ने पेयजल की समस्या से खफा होकर नरवाना-टोहाना मार्ग पर जाम लगा दिया। महिलाओं का कहना था कि समय पर पानी नही आता। अगर मोटर खराब हो जाती है तो वह भी जल्द ठीक नही करवाई जाती। आखिकार जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे और नई बिजली मोटर रखवा कर पानी स्पलाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। लगभग पौने घंटे लगे जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पडा। महिलाओं ने पेयजल की समस्या से खफा होकर नरवाना-टोहाना मार्ग पर जाम लगा दिया। महिलाओं का कहना था कि समय पर पानी नही आता। अगर मोटर खराब हो जाती है तो वह भी जल्द ठीक नही करवाई जाती। गांव कालवन की महिलाओं को वीरवार को उस समय धैर्य जवाब दे गया जब दोपहर तक पेयजल स्पलाई नही आई। जब महिलाओं ने जलघर से संपर्क किया तो बताया गया कि बिजली मोटर जली हुई। खफा महिलाएं नरवाना-टोहाना मार्ग पर आ गई और अवरोधक डाल कर जाम लगा दिया। महिलाओं का कहना था कि गर्मी के साथ पेयजल की जबरदस्त किल्लत बनी हुई है। पिछले एक सप्ताह से तो बिल्कुल भी पानी नही आ रहा है। जब भी जनस्वास्थ्य विभाग से संपर्क साधा जाता है तो एक ही जवाब मिलता है कि बिजली मोटर को ठीक करना दिया हुआ है। अब भीषण गर्मी मे पेयजल के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। जाम लगने की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

#### जल्द होगा समस्या का हल

पुलिसकर्मियों ने महिलाओ को समझाने की कोशिश की लेकिन महिलाए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुला पेयजल स्पलाई की मांग पर अड़ी रही। आखिर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि जली हुई बिजली मोटर की जगह नई बिजली मोटर लगा दी जाएगी। जल्द पेयजल स्पलाई गांव मे दे दी जाएगी। जिसके बाद महिलाएं जाम खोलने को राजी हुई। जिसके बाद ही जाम में फंसे यात्रियों तथा वाहन चालकों को राहत मिली।

### ससुरालजनों से आहत व्यक्ति ने की आत्महत्या

**जींद।** गांव रेवर में कनाडा में रही एनआरआई पत्नी व उसके परिजनों से खफा होकर व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक लगभग साल पहले पत्नी से अनबन के चलते कनाडा छोड़ कर अपने गांव आ गया था। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर कनाडा मे रह रही पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। गांव रेवर निवासी खुशवंत (34) ने बीती देर रात जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे इलाज के लिए टोहाना लेकर जा रहे थे। रास्ते में खुशवंत की मौत हो गई। जिस पर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना लाया गया। मृतक एनआरआई पत्नी के साथ अनबन के चलते लगभग दो माह कनाडा जेल में रहा था। लगभग डेढ़ साल पहले कनाडा छोड़ कर घर लौट आया था।



कैथल-करनाल रोड पर 3 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी को ढहाती जेसीबी।

#### पनप रही अवैध कालोनी में की तोड़फोड़

**कैथल।** जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कैथल-करनाल रोड पर तीन एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान जिला योजनाकार रोहित चौहान, डीईटीसी सीमा बिडलान बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कालोनी में पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में कैथल-करनाल रोड पर गादड पट्टी में तीन एकड़ में अवैध रूप से पनप रही कालोनी का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाए जा रहे निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। जिसके बाद टीम द्वारा सीवरेज, बाउंड्रीवाल, रोड नेटवर्क को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया।

## महिलाओं ने ठेके पर जड़ा ताला

- गांव हाट में शराब ठेका खोलने का विरोध कर रही थी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हाट में वीरवार को महिलाओं ने शराब ठेका खुलने का विरोध करते हुए ठेके से शराब की पेटियां उठा कर बाहर रख दी और ताला जड़ दिया। सूचना पाकर सफीदों सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा शराब कि शराब ठेका सरकार द्वारा खोला गया है। अगर बंद करवाना है सरकार से बंद करवाओ। जिसके बाद विरोध करने वाली महिलाए वहा चली गई। गांव हाट की महिला वीरवार को गांव के शराब ठेके पर पहुंची और वहां कार्यरत कारिंदों को ठेका बंद करने को कहा। जब कारिंदों ने उनकी बात नही मानी तो उन्हें शराब के ठेके के अदर बंद कर दिया। लोगों के हस्तक्षेप के बाद कारिंदों को बाहर निकाल दिया। फिर शराब ठेके के अंदर रखी शराब की पेटियों को बाहर निकाल कर उस पर ताला जड़ दिया। महिलाओं का कहना था कि शराब ठेके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। वे गांव में शराब ठेका नही खुलने देगी। महिलाओं के बिफरने की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों प्रभारी विरेंद्र सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गई और महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि शराब ठेका सरकार द्वारा खोला गया है। अगर शराब ठेके को बंद करवाना है तो पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेज सकते। जिसके बाद विरोध कर रही महिलाए वापस लौट गई। काबिलेगौर है कि शराब ठेका वीरवार को ही खुला था। सदर थाना सफीदों प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि महिलाओं को समझा दिया गया। कानून व्यवस्था को नही बिगडने दिया जाएगा। जिसके बाद महिला वहां से चली गई।



### चचेरा भाई बता एक लाख 98 हजार रुपये की ठगी

**कैथल।** ब्राह्मणीवाला गांव के एक युवक को विदेश से उसका चचेरा भाई बताकर अज्ञात ने 1.98 लाख की ठगी कर ली। साइबर थाने में दी शिकायत में ब्राह्मणीवाला गांव निवासी संदीप ने बताया कि वह हेल्थ डिपार्टमेंट में लैब टेक्नीशियन है। उसके परिवार से उसके चाचा का लड़का प्रिंस कनाडा गया है। उसके भाई श्रीनिवास की प्रिंस से फेसबुक मैसेंजर पर चैट हुई, जिसमें किसी ने उसके चाचा का लडका प्रिंस बनकर कनाडा से रुपए भेजने के लिए कहा और खाता नंबर मांगा। उसके भाई ने उसका खाता नंबर दे दिया। थोड़ी देर में खाते में 9 लाख 45 हजार रुपए खाते में जमा होने की उसके पास रसीद आई। फिर उसके पास विदेशी नंबर से कॉल आई कि वे कनाडा बैंक से बोल रहे हैं आपके खाते रुपए जमा हुए हैं। संदीप ने कहा कि कुछ समय बाद उसके भाई के पास मैसेज आया कि मेरा झगड़ा हो गया है।

### भाखड़ा से जींद तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति परः मिड्ढा

## जींद में स्थापित होंगी लघु औद्योगिक इकाइयां

- करोड़ों की विकासात्मक परियोजनाओं का पहनाया जा रहा अमलीजामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने से देश एवं प्रदेश में चंहुमूखी विकास हुआ है। इसी कड़ी में जींद क्षेत्र को भी नौ नेशनल हाइवों से जोड़ा गया है। आने वाले समय में जींद क्षेत्र में नई लघु औद्योगिक इंकाइयां स्थापित होगी जिसका फायदा जींद को ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी होगा। हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डा. मिड्ढा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण तेज गति से चल रहा है। इस कार्य को भी वर्ष 2025 में ही पूरा करवाने का काम किया जाएगा। इसके साथ-साथ सरकारी अस्पताल में पैरामैडिकल कॉलेज और ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाएगा। इनके स्थापित होने से जींद की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का और अधिक लाभ प्राप्त होगा। जलापूर्ति की दिशा में कार्य करते हुए भाखड़ा से जींद तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा और उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी करवाई जाएगी। क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत्त होकर कार्य किया जा रहा है। शहर के सौंदर्यकरण की दिशा में विशेष प्लान बनाकर वॉल टु वॉल पेटिंग, सुंदर चौकों का निर्माण भी करवाया जा रहा है। आवागमन की दृष्टि से क्षेत्र की सभी सड़कों को निरंतर दुरूस्त किया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नेतृत्व में प्रदेश में चिरायु योजना से जरूरतमंद व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिला में अनअप्रवुड कॉलोनियों को अप्रवुड करके उनमें आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा

## बीमा लोकपाल शिकायत वाला बन लगाया 4.13 लाख रुपये का चूना

- बीमा पॉलिसी का लाभ दिलाने का पीड़ित को दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर ठगों ने बीमा पॉलिसी का लाभ दिलाने को झांसा देकर एक व्यक्ति को चार लाख 13 हजार 500 रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास मैक्स बीमा पॉलिसी है। गत 16 अप्रैल को उसके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना परिचय बीमा लोकपाल शिकायत के रूप में दिया। उसने पूछा की बीमा पॉलिसी का लाभ मिल रहा है या नही। उसके द्वारा मना करने पर उसने शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। जिके बाद उसने दस्तावेज लेते हुए खाता नंबर दिया और साढे 15 हजार रुपये डलवा लिए। जिसके बाद आरोपित ने साढ़े 22 हजार रुपये और डलवा लिए। फिर उससे मेडिकल क्लेम के लिए 90 हजार रुपये और अपने खाते में डलवा लिए। फिर आरोपित ने आरबीआई लिमिट के नाम पर साढ़े 27 हजार और डलवा लिए। बावजूद इसके उससे रुपयों की डिमांड बढती रही।

## खबर संक्षेप

### मैसज पढ़ने पर बेरहमी से पीटा

जींद। गांव डाहौला में पत्नी को पति के मोबाइल पर मैसेज पढ़ना महंगा पड़ गया। खफा पति ने परिजनों के साथ मिल कर पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर डाली। अलेवा थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डाहौला निवासी श्रवण की पत्नी पूनम ने शिकायत में बताया कि वह अपने पति का फोन लेकर अपनी मां से बात कर रही थी।

### सामाजिक समस्याओं को लेकर धरना दिया

जींद। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी जुलाना ने एसडीएम कार्यालय पर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता सुरेश करसोला ने की और सामाजिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकल कमेटी के सचिव रमेश चंद्र ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने बड़े-बड़े झूठे नारे देकर सत्ता हथिया ली। परंतु अब सभी नारों को सरकार भूल गई है।

### विधि का विधान होता है अटल

जींद। असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने गायत्री यज्ञ के बाद कहा कि शुभ कर्मों की अधिकता से सुख बढ़ सकते हैं। दुख कम हो सकते हैं लेकिन प्रारब्ध फल को भोगे बिना समूल रूप से नष्ट नहीं किया जा सकता है। एक बार निषादराज मृत्यु को टालने के लिए उनके दयोते वेद व्यास के पास गए। वेद व्यास ने कहा नाना जी आपकी इच्छा बड़ी विलक्षण है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगाया रोजगार मेला

जींद। उपमंडल सफीदों की सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी अनन्या दहिया ने बताया कि उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेडा खेमावती के प्रांगाण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में भीष्ण गर्मी के दौरान भी सेकड़ो रोजगार के इच्छुक प्रार्थियों ने भाग लिया। इसमें से 62 प्रार्थियों ने विभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु पंजीकरण करवाया।

### विमान हादसे की हो उच्च स्तरीय जांच : डा. गोयल

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। डा. गोयल ने केंद्र सरकार और विमानन मंत्रालय से अपील की कि इस हादसे की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं हों।

### दो पिस्तौल के साथ एक गिरफ्तार, पूछताछ जारी

जींद। सीआईए स्टाफ ने अर्जुन स्टेडियम के निकट एक युवक को काबू कर कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि अर्जुन स्टेडियम के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया। तलाशी ली तो कब्जे से दो पिस्तौल बरामद हुए।

### अंगूठा लगवाकर राशन न देने का लगाया आरोप

जुलाना। बुढ़ा खेड़ा गांव में डिपो होल्डर द्वारा गरीब के हक पर डाका डालने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी को दी गई है। बुढ़ा खेड़ा गांव निवासी विनोद ने बताया कि वह राशन लेने के लिए गया था। डिपो होल्डर ने अंगूठा लगवा लिया और उसे राशन नही दिया। जब दुसरे डिपो पर अंगूठा लगाया तो उसे पता चला कि उसका अंगूठा लग चुका है।

### कसूहन चबूतरे पर 29 को खेड़ाखाप की बैठक

जींद। सर्वजातीय खेड़ा खाप आने वाली 29 जून को कसूहन चबूतरे पर ऐतिहासिक बैठक का आयोजन करने जा रही है। गुरूवार को यह जानकारी देते हुए खेड़ा खाप के अध्यक्ष सतबीर पहलवान ने बताया की खेड़ा खाप एक सर्वजातीय खाप है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से संवाद

# अपनी फसलों का रजिस्ट्रेशन 100% सुनिश्चित करना चाहिए : डॉ. संजीव

### लैब टू लैंड अभियान में गांव-गांव किसानों से वैज्ञानिकों की टीमें रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। डाहौला गांव में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। फोटो :हरिभूमि


कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के प्रभारी डा. रामकरण गौड ने गांव डाहौला, चुहड़पुर व शामदों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम यह जानने का प्रयास किया गया है कि किसानों और राज्य सरकारों के साथ मिल कर कृषि प्रणालियों में बदलाव लाया जाए और किसानों के साथ चर्चा की जाए कि भारत की कृषि को और अधिक आधुनिक कैसे बनाया जाए। इसलिए कृषि वैज्ञानिकों की टीमें लैब टू लैंड अभियान के तहत गांव-गांव जाकर किसानों से रूबरू हुई हैं। भारत भर में कृषि वैज्ञानिकों की करीब 2170 टीमें देशभर के 700 से अधिक जिलों, 65 हजार गांवों और करीब डेढ़ करोड़ किसानों से संवादित हुई हैं। जिला जींद में कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा तथा अन्य एजेंसियों और कृषि विशेषज्ञों की तीन टीमों ने 135 गांवों में जाकर किसानों की समस्याएं जान उनका निदान किया है। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए वित्तीय सहायता, बीमा, सब्सिडी के बारे में सरकारी योजना और नीतियों से अवगत कराना, किसानों को उनके विशिष्ट कृषि-जलवायु क्षेत्रों में खरीफ मौसम के लिए उपयुक्त प्रमुख फसलों के बारे में शिक्षित करना व बेहतर कृषि पद्धतियों का सुझाव देना, उपयुक्त, लागत-प्रभावी प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, किसानों को उन्नत बीज किस्मों और एकीकृत पोषक तत्व, फसल-विशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों, कीट प्रबंधन के बारे में शिक्षित करना, पशुपालन, भेड़, बकरी, मुर्गी पालन और मत्स्य पालन से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में जागरूकता पैदा करना, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रभावी उपयोग के बारे में शिक्षित करना। किसान के अनुभव का दस्तावेजीकरण करना जिसके आधार पर सरकार भविष्य में कृषि अनुसंधान और नीति निर्माण के लिए करेगी। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डा. केएस सोनू ने दूध की मिलावट की पहचान पर अपने विचार रखे। डा. सुरेश चंद राणा ने आह्वान किया कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले कैंपों, शिविरों और मेलों में अपनी भागीदारी जरूर रखें और महत्वपूर्ण जानकारी को प्राप्त करें।

### उत्पादन बढ़ाने की विधियां बताई

डा. रवि कुमार ने बताया कि अच्छी नस्ल के पशु पालने फायदेमंद होते हैं। उन्होंने पशुओं में होने वाले अनुवांशिक रोगों की जानकारी दी। डा. संजीव ने विभाग की स्कीमों तथा प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी और किसानों को फसलों का रजिस्ट्रेशन 100 प्रतिशत सुनिश्चित करना चाहिए। डा. पवन ने सतत कृषि प्रक्रियाओं और हरी खाद के बारे में बताया तो डा. प्रीति मलिक ने प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। टीम में शामिल डा. राकेश सेठ ने धान में बीजोपचार व किस्मों की जानकारी दी। डा. जोगेन्द्र ने गेहूं की किस्मों के बारे में बताया। गेहूं का उत्पादन बढ़ाने की विधियों पर प्रकाश डाला।

## संत कबीर जयंती पर ऑनलाइन काव्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था द्वारा संत कबीर जयंती पर ऑनलाइन काव्य उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के महासचिव बलराज स्नेही ने बताया कि इसमें पूरे हरियाणा से कवि जुड़े और कबीर जी के प्रति अपनी श्रद्धा को काव्य के माध्यम से अभिव्यक्त किया। राजकुमार नैन की सरस्वती वंदना से शुभ शुरुआत की गई। सूत्रधार का दायित्व संस्था की प्रधान शकुंतला काजल शकुन ने बड़ी ही कुशलता से निभाया और सभी कवियों और रचनाओं को जोड़े रखा। पाबड़ा से कवि नरेश शर्मा ने बड़े ही जोश में रागनी गाई औ तू आ कै देख कबीर, तेरे नाम पै किस किस नै आडै जोड़ लेइ जागीर। सभी कविजन तालियां न रोक पाए। रोहतक से पवन मित्तल ने गाया कि धर्म का मर्म बतलाया किया दूर अंधकार तंनै। हे संत कबीर दास धन्य धन्य सो बार तंनै। डा. सतबीर निराला ने कबीर के यथार्थ को गाते हुए कहा जीते बाप को धक्कम धक्का मरे नै गंगा ले जावै। मेवात से जुड़ी कवयित्री डा. आशा ने चेतावनी भजन में कहा विश्व के बनते हो ठेकेदार, पहले खुद अपना अस्तित्व सम्भालो। संदीप बांवरा ने संतन तो भाई वही कहा जो समझै सबकी पीर गाकर तालियां बटोरी। भवानी से प्रदीप शर्मा ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया और उनकी नन्ही परी कुमारी देविका शर्मा ने कंठस्थ कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जींद से रानी सोनिया पांचाल ने संत कबीर दास की महिमा का गुणगान किया। लोक कवयित्री कवयित्री कमलेश गोयत और पंचकुला से संतोष भी अपनी दमदार कविता लेकर कार्यक्रम में जुड़ी।



अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में योग करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### योग कार्यक्रम का आयोजन

अलेवा। अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में प्रदेश सरकार व उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग क्लब व एनएसएस यूनिट द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रो. राहुल हुड्डा व वैशाली हुड्डा द्वारा संयुक्त तौर पर की तथा मुख्य रूप से प्राचार्या वीना कुमारी ने हिस्सा लिया। राजकीय महाविद्यालय में सुबह सात बजे से आठ बजे तक चले योग सत्र में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वृक्षारोपण अभियान के तहत औषधीय पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं व समाज में शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय कल्याण को बढ़ावा देना है।

### फर्जी खेल संगठनों से सावधान रहें खिलाड़ी

जींद। हरियाणा में चल रहे फर्जी खेल संगठनों पर लगाम लगाने की तैयारी हो गई है। हरियाणा ओलंपिक संघ ने प्रदेश के सभी जिला खेल अधिकारियों को पत्र लिखकर इस संबंध में गाइडलाइन जारी की है। यही नहीं ओलंपिक संघ ने राज्य के खिलाड़ियों से भी अपील की है कि वह गैर मान्यता प्राप्त संघों के बैनर तले न खेलें। इससे उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा। प्रदेश में कई मामले ऐसे आ चुके हैं जिसमें गैर मान्यता प्राप्त खेल संगठन अपना खेल कर रहे हैं। वो खिलाडियों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। कभी रजिस्ट्रेशन तो कभी ईवेंट के नाम पर मोटी रकम वसूल कर बदले में उन्हें प्रमाण पत्र के नाम पर महज एक कागज का टूकड़ा थमा रहे हैं। जिसकी सरकारी रिकार्ड में कोई उपयोगिता ही नहीं है। कई-कई संगठन ऐसे हैं जो कि प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र भी सालों साल बाद देते हैं। ऐसे में उनका फर्जीवाड़ा लंबे समय तक चलता रहता है।

### रेलवे ओवरब्रिज का शुभारम्भ 15 जून को

नरवाना। काफी समय से दबलैन समैण रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य चल रहा है कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के निजी सहायक ने बताया कि उस रेलवे ओवरब्रिज का शुभारम्भ 15 जून को कैबिनेट मंत्री द्वारा रिबन काट कर किया जाएगा। जिससे शहर वासियों की काफी समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा क्योंकि नरवाना मुख्य अनाज मंडी रेलवे स्टेशन के उस पार है वहां जाने के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ता था क्योंकि काफी समय रेलवे फाटक बंद रहतीं हैं,दूसरा आसपास के गांव लोग शहर में जरूरत का सामान लेने आना.जाना पड़ता था तो उनको रेलवे फाटक पार कर आना.जाना पड़ता था रेलवे फाटक ज्यादा तर समय बंद मिलता था तो उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था अब रेलवे ओवरब्रिज के शुरू होने के बाद इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा और शहर का भी विकास होगा।15 जून को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का जन्म दिन भी है इस अवसर पर जाट धर्मशाला एल आई सी रोड पर एक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।



नरवाना। बनाया गया पुल। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। योग करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

नरवाना। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में ग्यारहवें योग दिवस के अवसर पर हमारे महाविद्यालय की 15 हरियाणा बटालियन यूनिट एन सी सी कैडेट्स द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह आयोजन कॉलेज की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान एवं लेफ्टिनेंट डॉ नयनदीप के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। योगाभ्यास की यह गतिविधि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुरूप आयोजित की प्राचार्या ने बताया कि योगाभ्यास का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कैडेट्स ने अनुशासन एवं समर्पण के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। और प्रवक्ता डॉ नयनदीप ने बताया कि योगाभ्यास न केवल स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को रेखांकित करता हैए बल्कि राष्ट्रीय कैडेट कोर के समग्र विकास के मूल उद्देश्य को भी दर्शाता है। एनसीसी ट्रेनर सुश्री प्रीती भी मौजूद रहे। प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल व महासचिव जियालाल गोयल और कोषाध्यक्ष,धर्मवीर ने कैडेट्स के सक्रिय योगदान की सराहना की।

### हिंदू कन्या कालेज में योग शिविर लगाया

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर योग सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट, छात्राओं, स्टाफ सदस्यों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाया गया। कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जन जन के बीच योग और कल्याण को बढ़ावा देना था। महाविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने सामुदायिक सेवा और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि योग करने से तनाव और चिंता में कमी आती है तथा ध्यान, एकाग्रता और आत्मजागरूकता में वृद्धि होती है। इसी कड़ी में महाविद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आज जब धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है, उस उद्देश्य से सभी मौजूद कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।



जींद। योग करते हुए प्राध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। खुले में विचर रहे पशु। फोटो :हरिभूमि

### कुडे का उठान न होने से लोग परेशान

नरवाना। नरवाना के हुड्डा मार्केट में एक पार्क है जो आजकल आवारा पशुओं की शरणस्थली बना हुआ है क्योंकि उसके पास में ही सब्जी मार्केट है वो अपना कचरा गली सड़ी सब्जी यही डाल देते हैं और नगर परिषद के सफाई कर्मी भी शहर में से कुडा उठाकर यही पर डाल जाते हैं। जिस से आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है।शहर में जो डोर टू डोर कचरा उठाने का टेंडर पिछले तीन महीने से अधिक समय से दोबारा रिन्यू नहीं हुआ जिसके कारण से कचरा उठाने का काम नहीं हो? पा रहा है। जब इस बारे में नगरपरिषद चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि दिन में सफाई टेंडर का खोल दिया गया है और हुड्डा ग्राउंड में से ट्रैक्टर ट्रॉली और छोटे हाथी द्वारा कचरा उठाने का काम किया गया है और बाकी जगह से कचरा उठाने का काम किया जाएगा।



जींद। बीमार लोगों के खून के सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### टीम ने की पानी के स्त्रोतों की जांच

जींद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पर जून माह को मलेरिया रोधी माह मनाते हुए स्वास्थ्य टीम ने गावं में घर-घर जाकर पानी के स्त्रोतों की जांच की। टीम में स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुरेश कुमार, स्वास्थ्य कार्यकत्रा देवीराम कौशिक, संजय शर्मा, कृष्ण कुमार, नरेंद्र, सौरभ, प्रमोद, सुनीता, संतोष व आशा वर्कर शामिल रही। सुरेश कुमार ने जून माह को मलेरिया रोधी माह मनाने अर्थात जून माह में लोगों को मलेरिया बुखार से बचाव, उसकी सावधानी, उपचार बारे जागरूक करते हुए स्लिम एरिया में जनजागरूकता कैम्प लगाकर लोगों को मलेरिया बुखार बारे जागरूक किया। स्वास्थ्य कार्यकत्रा देवीराम कौशिक ने जागरूक करते हुए कहा कि मलेरिया एक मच्छर से फैलता है। जिसको मादा एनफ्लिज कहते हैं। इस मौके पर आशा वर्कर नीलम, पूनम, सुनीता, पिंकी व ग्रामीण सुमित, राजेश, सुभाष, सुनीता, सरिता आदि मौजूद रहे।

## एचएयू में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने फूंका कुलपति का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। विश्वविद्यालय परिसर में पुतला फूंकते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने गुरूवार को चौधरी रणबीर सिंह विवि परिसर में हरियाणा कृषि विवि हिसार के कुलपति का पुतला फूंका और प्रदर्शन किया। छात्रों ने एचएयू में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज को लेकर रोष जताया। विश्वविद्यालय एनएसयूआई अध्यक्ष जयदीप सिंधु, सोनू साहू, आशीष मलिक, मंजीत खोखरी, सचिन राठी सहित अन्य छात्र नेताओं ने कहा कि एचएयू में छात्र शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की आवाज को दबाने के लिए उन पर बलपूर्वक लाठीचार्ज करवाया। जो पूर्ण रूप से अलोकतांत्रिक और निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि एचएयू में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए। दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एचएयू कुलपति को तत्काल बर्खास्त किया जाए। छात्रों की सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। एनएसयूआई ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि छात्र विरोधी कार्रवाई बंद नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।



जींद। योगाभ्यास करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग करने के लाभ बताए

जींद। राजकीय महाविद्यालय में वीरवार सुबह सात से आठ बजे तक योगाभ्यास सत्र और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मालिक रहे। इस अवसर पर 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की। योग अभ्यास के दौरान विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आसनों और उनके लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य मनीष कुमार,एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन, प्रोफेसर सोनू सिहाग, आशिष तथा यशपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। योग सत्र के उपरांत परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमें औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

## समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं

# नागरिक समाधान शिविर का उठाएं लाभ : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। समस्याएं सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से वीवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन की शिकायतें सुनीं। शिविर में बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और पुलिस विभाग आदि से जुड़ी समस्याएं दर्ज की गईं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिन्होंने शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। शिविर में अधिकारियों की उपस्थिति से शिकायतों का त्वरित निवारण संभव हो पाता है। जिससे प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत होती है। गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में 16 शिकायतें आईं। गांव बीघाना निवासी सुरता राम ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मकान निर्माण की मांग की। जबकि सफीदों निवासी सुभाष ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवासीय प्लॉट की निशानदेही की मांग रखी। वहीं सुभाष नगर निवासी नरेश ने गली में ट्रांसफार्मर की पुरानी तारें बदलने और बिजली की क्षमता दोगुनी करने की मांग की। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को तत्काल जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में प्राप्त सभी समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जन शिकायत पोर्टल पर लंबित सभी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में जिले में पेयजल संबंधी कोई भी शिकायत न आए, इसके लिए पूरी तत्परता से कार्य किया जाए। साथ ही बरसात के मौसम से पहले सभी ड्रेनों की सफाई कर ली जाए ताकि वर्षा के समय आमजन को कोई असुविधा न हो। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, सीटीएम डा. आशीष देशवाल, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। बाल श्रम दिवस पर पकड़े गए बाल श्रमिक टीम के साथ।

### बाल श्रम दिवस पर दो बाल श्रमिक रेस्क्यू

जींद। बाल श्रम दिवस पर गुरूवार को मानव तस्कर विरोधी इकाई एवं गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त अभियान चला कर शहर से दो बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग ने एक जून से 30 जून तक हरियाणा सहित देश के सभी राज्यों में बालश्रम के विरुद्ध विशेष अभियान चलने के निर्देश जारी किए हुए हैं। एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सयुंक्त दल द्वारा शहर के विभिन्न बाजारों में बालश्रम के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान स्थानीय परशुराम चौक से उसे लडकों को कूड़ा बीनते हुए रेस्क्यू किया गया। दोनों बच्चों की उम्र 12 एवं 15 वर्ष है तथा स्कूल में सातवीं एवं नवी कक्षा में पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूलों की छुट्टियों के चलते अपने जेब खर्च के लिए कूड़ा बीनने का काम करते हैं। दोनों बाल श्रमिकों एवं उनके अभिभावकों को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। वहां उनके अभिभावकों को अपने बच्चों को बालश्रम के लिए भेजने के विरुद्ध कड़ी चेतावनी देकर उनके सुपुर्द किया गया।

# नगर पालिका विकास व बुनियादी सुविधाओं के ढांचे को मजबूत करने में नहीं ले रही रुचि

**खास बातें**

- हर स्तर पर अधर में लटकाई जा रही सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं
- सुविधाएं देने की बजाए अधिकारियों द्वारा जारी किए जा रहे तुगलकी फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत





**कलायत।** कलायत में रेलवे रोड पर दुकानों के सामने उखाड़ा गया नाला व आसपास बिखरा मलबा-कचरा तथा कलायत में समस्या को लेकर नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करते दुकानदार। *फोटो : हरिभूमि*

कलायत नगर पालिका प्रशासन निकाय आम चुनाव के उपरांत निरंतर सरकार की महत्वपूर्ण विकास कार्यों को लटकाने और बुनियादी सुविधाओं के प्रति लापरवाही को लेकर लगातार सवालों के घेरे में है। बार-बार इस प्रकार की शिकायतों के मद्देनजर सीएम फ्लाइंग द्वारा भी 7 मई को कई घंटों पालिका कार्यालय में जांच कार्यवाही की गई। अन्य स्तरों पर भी जांच की मांग शहर के लोग करते आ रहे हैं। क्योंकि कहीं न कहीं फ्लाइंग की दस्तक के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आया है। शायद यही वजह है कि नेशनल हाई-वे कैची चौक से श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज बीच रेलवे रोड पर पानी निकासी के लिए निर्मित नालों को उखाडक़र इनकी सुध न लेना है। इसे मुद्दा बनाते हुए दुकानदारों व आम नागरिकों ने रोष प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि पालिका अधिकारियों ने सफाई के नाम पर नालों को बुरी तरह से तोड़ दिया। इसके साथ ही कीचड़ और मलबा दुकानों के सामने बिखरा है। इसके चलते दुकनदार और मार्ग से आने जाने वाले लोग बेहद परेशान हैं। मनदीप, सन्नी, अमित, रजत प्रदीप, सुरेश और अन्य लोगों ने कहा कि कुछ दिन पहले नगर पालिका प्रशासन ने जेसीबी नाले की सफाई की। सफाई करने की बाद नालों से जो कचरा और मलबा निकाला उसका न तो उठान किया जा रहा और न ही टूटे नालों की रिपेयर। कवर्ड नालों को नगरपालिका ने ओपन रूप दे दिया। सडक़ पर मलबे व कचरे के ढेरों से दुकानों में प्रवेश करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में ग्राहक भी दुकान पर आने से कतराने लगे हैं।

### व्यवस्था को बहाल करने का कार्य जारी

सफाई सुपरवाइजर सोम प्रकाश शर्मा ने बताया कि नगर पालिका सचिव के निर्देश पर नालों को बहाल व व्यवस्था बनाने के लिए कार्य शुरू किया गया है। मलबे व कचरे को ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर उठाया जा रहा है। दुकानों के बाहर पूरी सफाई कर दी जाएगी।

### सरकारी आदेशों की पालना की बजाए अधिकारी बना रहे अपने नियम कायदे

समाज सेवी संगठनों का कहना है कि नगर पालिका कार्यालय में जन सुविधा व योजनाओं की जानकारी देने की बजाए जगह-जगह कार्यालय में बैठकर अपना और कर्मियों का समय बर्बाद न करने के पोस्टर चस्पा किए गए हैं। सीएम कार्यालय, मुख्य सचिव, सीएम हाउस, चंडीगढ़ सचिवालय, निकाय निदेशक, जिला उपायुक्त, एडीसी, एसडीएम, जिला नगर आयुक्त और अन्य स्तर पर स्थित कार्यालयों में इस प्रकार के नोटिस कहीं चस्पा नहीं है। इससे जाहिर होता है कि पालिका अधिकारी अपने ढंग से नियम-कायदे बना रहे हैं। जब समस्याओं का समाधान नहीं होगा तो लोग बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाएंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर

# सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहे केंद्र सरकार के 11 साल

### सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर लघु सचिवालय में लगाई प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, जिला भाजपा कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते कृष्ण लाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*



**कैथल।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व में अपनी अलग से पहचान बनाई है और देश आज विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। मोदी जी ने देश हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिसमें मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर में धारा 370 को तोड़कर कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड भारत का सपना साकार किया है। वहीं अयोध्या में श्री राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण करवाया, जोकि हमारे सांस्कृतिक गर्व और आस्था का प्रतीक है। हाल ही में भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। पूरी दुनिया में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाकर स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण का संदेश दिया जा रहा है। मेक इन इंडिया के तहत भारत रक्षा, इलैक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहा है।

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के उद्घाटन कर रहे थे। इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की 11 साल की जन कल्याणकारी योजनाओं व सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई है। यह प्रदर्शनी तीन दिन तक जारी रहेगी। उद्घाटन उपरांत मंत्री ने विधायक सतपाल जांबा, जिला भाजपा अध्यक्षा ज्योति सैनी, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही लोगों का आह्वान किया कि वे प्रदर्शनी में दी गई केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी का लाभ उठाएं। इसके बाद उन्होंने डीसी के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की। इसके उपरांत जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत में मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि पूरी दुनिया आज भारत के डिजिटल भुगतान मॉडल की प्रशंसा करती है। शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सबका कल्याण और भलाई हमारा लक्ष्य है

मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसान के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को छह हजार रुपये आर्थिक सहायता दी जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान की फसल का मामूली प्रीमियम देकर एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये के क्लेम दिए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड, पशु किसान क्रेडिट के तहत किसानों को ऋण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि 24 फसलों को एमएसपी यानि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाता है।

### विद्यार्थियों के भविष्य बनाने के लिए सभी गांवों में ई-लाइब्रेरी खोली जाएगी

**कैथल।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य बनाने के लिए सभी गांवों में ई-लाइब्रेरी खोली जाएगी। पहले फेज में दो हजार गांवों का चयन किया गया है। पंवार भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसी प्रकार महिलाओं के लिए महिला सांस्कृतिक केंद्र खोले जाएंगे। लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गांव में इंडोर जिम खोले जाएंगे। गांवों में तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, वहीं तीन क्रम के खेतों के रास्ते भी पक्के किए जाएंगे। आज प्रत्येक वर्ग केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से खुश नजर आ रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार व सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से संबंधित डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने मंत्री का जिला अध्यक्ष पहुंचने पर स्वागत किया। नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत चार करोड़ 20 लाख सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए। तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा रहा है। इसी प्रकार युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको-सिस्टम है। देश भर में सात नए आईआईटी खोले गए, जिनकी संख्या अब 33 हो गई है, वहीं देश भर में 15 एम्स खोले गए, इनकी संख्या अब 23 हो गई है। देश में 490 नए विश्वविद्यालय भी स्थापित किए गए हैं। सरकार ने मध्यम वर्ग के जीवन को आसान करने की दिशा में कर दाताओं को 12 लाख 75 हजार रुपये तक की आय पर पूरी टैक्स रिबेट दी गई है। देश के 23 शहरों में मैट्रो रेल सेवा शुरू की गई है। वर्ष 2014 में देश में 74 एयरपोर्ट थे, जोकि आज इनकी संख्या बढ़कर 160 हो गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो पिछले 11 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 54 हजार 917 किलोमीटर का विस्तार हुआ है। देश में 2014 से अब तक 3.96 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बनाई गई, वहीं देश में 136 विश्व स्तरीय वंदे भारत ट्रेन शुरू की जा चुकी हैं। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, अमरपाल राणा, सुरेश संधु, बलविंद्र जांगड़ा, रवि भूषण गर्ग, भीम सैन अग्रवाल, प्रवीण प्रजापति, राजपाल तंवर, सुभाष हजवाना, अमरजीत छाबड़ा, सुरेश राविश, शैली मुंजाल, कुशलपाल के अलावा अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, जिला प्रशासन की ओर से डीसी प्रीति, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम अजय सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण कृपा सेवा धाम मंदिर में स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आगमन



**कैथल।** निर्माणाधीन श्री कृष्ण कृपा सेवा धाम मंदिर में गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज *फोटो :हरिभूमि*

- निर्माणाधीन मंदिर में जल्द ही बनेगा भव्य लंगर हॉल और सत्संग स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सेक्टर-19 स्थित निर्माणाधीन श्री कृष्ण कृपा सेवा धाम मंदिर में गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी के अचानक आगमन से भक्तों में अपार हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई। इस पावन अवसर पर महाराज श्री ने मंदिर में अब तक हुए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा आगे होने वाले कार्यों के संबंध में समिति के सदस्यों को महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा-निर्देश प्रदान किए। स्वामी ज्ञानानंद जी ने श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति कैथल के पूर्व सदस्यों को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई और आशीर्वाद दिया।

उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। नवगठित समिति की घोषणा करते हुए महाराज श्री ने विभिन्न पदाधिकारियों को सेवा दायित्व सौंपे। इनमें प्रधान संजय गर्ग (संकट मोचन वाले), संयोजक शरद बंसल, दिनेश पाठक, राजकुमार मुखीजा, सतीश राजपाल, सोनू वर्मा, महासचिव सुषम कपूर, कोषाध्यक्ष सुनील खुराना, सह-कोषाध्यक्ष कमल खनिजों, उप-प्रधान डॉ. अश्वनी खुराना, पवन बंसल बनाए गए। साथ ही सत्संग एवं पत्रिका व्यवस्था सुजीत कपूर, कारागार सत्संग व्यवस्था अजय भंजाना, लाल पौ मंदिर एवं होम्योपैथी डिस्पेंसरी प्रबंधन प्रवीण चावला एवं सुरेंद्र टुटेजा (रिंकू) व युवा टीम व्यवस्था पारस गाबा एवं अमित सन्नी चुघ को सौंपी गई।स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने सभी सदस्यों से सेवा कार्य को एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक धार्मिक कर्तव्य के रूप में निभाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि जनसेवा, धार्मिक उत्थान और आध्यात्मिक उन्नति है। उन्होंने समिति को सेवा, समर्पण और ज्ञान के मूल मंत्र पर चलते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान को जीवन में अपनाने और दूसरों के साथ सांझा करने की प्रेरणा दी।

## खबर संक्षेप

### सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ने की बैठक

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में अंतरराष्ट्रीय आईडीईए सम्मेलन (10-12 जून, 2025) में भाग लेने के लिए स्वीडन की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन बैठकों का उद्देश्य चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग में भारत की दीर्घकालिक साझेदारी को और मजबूत करना रहा। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कई चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत चर्चा की, जिसमें वैश्विक चुनावी अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी।

### 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व मेला में किया योग

**राजौद।** उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के दिशा निर्देशानुसार 11 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी में जुटे राजकीय महाविद्यालय राजौंद के स्टाफ सदस्यों ने गुरुवार को योग का अभ्यास किया। योग कार्यशाला का आयोजन योग क्लब के इंचार्ज विक्रम सहायक प्राध्यापक इतिहास के मार्गदर्शन में किया गया। योग कार्यशाला में पद्मासन अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन भुजंग बटरफ्लाई और वृक्ष आदि योग क्रियाएं की गई। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर दीपक कुमार ने सभी स्टाफ सदस्यों का योग कार्यशाला में भाग लेने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि योग हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है, इसलिए हमें प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट तक योगाभ्यास करना चाहिए।

## विधायक सतपाल जांबा ने जांबा-खेड़ी सडक़ का किया शुभारंभ

- 90 लाख की लागत से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** गांव जांबा में सडक़ का शुभारंभ करते हुए विधायक सतपाल जांबा। *फोटो :हरिभूमि*

गांव जांबा से खेड़ी सिकंदर वाली सडक़ के निर्माण कार्य का शुभारंभ हलका विधायक सतपाल जांबा ने नारियल तोडक़र विधिवत रूप से किया। यह सडक़ मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 90 लाख रुपए की लागत से बनाई जाएगी। उद्घाटन अवसर पर विधायक जांबा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर हल्के का समान रूप से विकास करवाया जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं।उन्होंने बताया कि जांबा से खेड़ी जाने वाली सडक़ को 12 फुट से बढ़ाकर 18 फुट चौड़ा किया जाएगा और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक जांबा ने कहा कि गांव जांबा में विभिन्न विकास परियोजनाओं के तहत करीब एक करोड़ रुपये से अधिक के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें तीन गलियां 14 लाख रुपये से, वाल्मीकि चौपाल के लिए 5 लाख रुपये, खेतों के रास्तों के लिए 40 लाख रुपये, नई ई-लाइब्रेरी के लिए 19.5 लाख रुपये, 5 पॉइंट सिस्टम के लिए 10 लाख रुपये, सरकारी स्कूल के लिए 17 लाख रुपये और अंबेडकर भवन की चारदीवारी के लिए 5 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है।



**राजौंद।** मीटिंग में भाग लेते हुए नगर पालिका संघ के के सदस्य।

### सरकार की जन विरोधी नीतियों व वादा खिलाफी के विरोध में 13-14 जून को करेंगे प्रदर्शन

**राजौंद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक प्रधान संदीप कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका प्रांगण में हुई। बैठक का संचालन ईकाई सचिव रोहतास ने किया। बैठक में नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस जिला प्रधान शिवचरण, फायर के राज्य प्रधान व नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद,एसकेएस ब्लॉक प्रधान कपिल सिरोही केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जन विरोधी आर्थिक उदारीकरण की नितियां तेजी से लागू कर रही है जिससे लगातार महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार बढ रहा है।केंद्र व राज्य सरकारें इन पर रोक लगाने की बजाए जाति- धर्म के नाम पर जनता का ध्यान बढ़ा कर कपने चहेते पूंजिपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि तीसरी बार सत्ता में आई भाजपा सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की बजाय हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड पर लगे युवाओं का रोजगार छीन कर उन्हें परिवार सहित सड़को पर लाना चहती है।जिससे उन कर्मचारियों में भय का माहोल है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की व्यापक स्तर पर तैयारियों का सिलसिला तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** कलायत अनाज मंडी में योग क्रियाएं करवाते योग प्रशिक्षक। *फोटो :हरिभूमि*

कलायत उप मंडल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की व्यापक स्तर पर तैयारियों का सिलसिला तेज हो चला है। इसके तहत हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राजकीय व निजी विद्यालयों के पीटीआई और डीपीई मुख्य रूप से शामिल रहे। कलायत अनाज मंडी में बृहस्पतिवार को यह कार्यक्र शुरू हुआ। इसका संचालन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.शकुंतला दहिया द्वारा तय कार्ययोजना अनुसार किया जा रहा है। समन्वयक आयुष विभाग कैथल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डा.सुनीता मुख्य रूप से मौजूद रही। डा.प्रमोद सिंह और पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी सुशील कुमार ने योग प्रोटोकॉल के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान ताड़ासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम जैसे योगाभ्यास करवाए। डा.सुनीता ने बताया कि हरियाणा योग आयोग के प्रयासों से योग अब जन-जन तक पहुंच चुका है। योग और प्राणायाम शरीर की ग्रंथियों को संतुलित कर हार्मोनल स्राव को नियमित करते हैं। इससे व्यक्ति मानसिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनता है। कलायत में 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सभी विभागों के सहयोग से भव्य रूप में मनाया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से आयुष, शिक्षा व खेल विभाग शामिल होंगे।

## विजेता प्रतिभागियों को करेंगे पुरस्कृत

# मुख्यमंत्री 13 को कैथल में मैराथन को दिखाएंगे हरी झंडी

- मैराथन को भव्य बनाने के लिए गंभीरता से तैयारी करें अधिकारी: आईजी पंकज नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी पंकज नैन अधिकारियों की बैठक का संबोधित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी (कम्यूनिटी, पुलिसिंग एवं आउटरीच) आईजी पंकज नैन ने कहा कि आगामी 13 जुलाई को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कैथल में मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी करेंगे। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए सभी अधिकारी समय रहते अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी कर लें। इस मैराथन का थीम ड्रग फ्री हरियाणा रहेगा। मैराथन के आयोजन को लेकर लघु सचिवालय परिसर में आयोजित जिले के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए पंकज नैन ने कहा कि हरियाणा उदय आउटरिच कार्यक्रम को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा कई जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत कैथल में 13 जुलाई को मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन इस मैराथन के लिए रूट तय करेगा। शुरूआती जगह से हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। मंच से कलाकारों की प्रस्तुति के माध्यम से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मैराथन में अधिक से अधिक संख्या में युवाओं सहित जिला वासियों की भागीदारी के लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा, जिसमें सभी धावक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर एसपी आस्था मोदी, आरटीए गिरीश कुमार, एसडीएम अजय कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, आउटरीच कार्यक्रम सलाहकार पंखुड़ी गुप्ता, सुमित सैनी, बलदेव सिंह, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों में शिव शंकर पाहवा, नरेश कुमार ढुल, सुभाष नारंग, बलवंत, टेकचंद, कुलदीप, राजकुमार, प्रमोद, अशोक सैनी, सतपाल सैनी, गोविंद गर्ग, धर्मपाल, आरकेएसडी कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. सत्यवीर मैहला, डा. बीरबल दलाल सहित जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### अधिकारियों की लापरवाही से टूट रही करोड़ों की लागत से बनी सडक़

**पूंडरी।** गांव मोहना से ढुल्याणी तक करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई सडक़ इन दिनों भारी ओवरलोड डंपरों के कारण टूटने के कगार पर पहुंच गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि खेतों से मिट्टी उठाकर इन भारी डंपरों के माध्यम से ढुल्याणी स्थित जय दुर्गा भवन तक पहुंचाई जा रही है, जिससे सडक़ तेजी से टूट रही है। ग्रामीणों ने इस पर प्रशासन की चुप्पी और मिलीभगत के आरोप लगाए हैं।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गतौली में 2 तालाबों (1. साबू वाला तालाब 2. लोहरिया वाला तालाब (Resesve For SC/Shg Former Only) की मछली पालन हेतु पट्टे दिया जाना है। जिसकी नीलामी की बोली दिनांक 18.06.2025 को प्रात: 11.00 बजे ग्राम सचिवालय ग्राम पंचायत गतौली में करवाई जाएगी। बोली दाता को बतौर सिक्योरिटी मूल्य 50000/- रूपए जमा करवाने होंगे। इसके पश्चात ग्राम पंचायत गतौली के कंडम सामान जैसे पुराने लोहे के नालियों के कंडम जाल व कंडम रिक्शा आदि कंडम सामान की नीलामी दिनांक 18.06.2025 को दोपहर 1:00 बजे ग्राम सचिवालय ग्राम पंचायत गतौली में करवाई जाएगी। उपरोक्त दोनों नीलामियों में इच्छुक बोलीदाता भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत गतौली, खंड जुलाना (जींद)
मोबाइल - 8810298732, 9813737795

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी से लोग घरों में दुबके बाजार हुए सुनसान

**नरवाना।** नरवाना हल्के में भीषण गर्मी होने से लोग घरों में दुबकने को मजबूरए बाजार की रौनक खत्म दूकान दार हाथ पर हाथ रख कर बैठने को मजबूर इस चिलचिलाती धूप में कौन निकलेगा बाहर।पारा हुआ 45 डिग्री के पार।इतनी भीषण गर्मी में लोग क्या खरीदारी करने बाज़ार में आयेंगे। वैसे शहर में दानवीर लोग बहुत है जगह जगह पर ठंडे पानी की छबील लगाई हुई है लोगों को ठंडा पानीए शरबत पिलाया जा रहा है हररोज शहर में तीन चार जगह पर ठंडे छबील लगाई जाती है।

### विवाहिता बिना बताए बच्चे के साथ घर से लापता

**कैथल।** कैथल शहर से एक विवाहिता अपने बच्चे के साथ बिना बताए घर से चली गई। खुराना रोड कैथल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 जून को उसकी पत्नी उसके बेटे के साथ बिना बताए घर से चली गई। उसने उनकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### छात्रवृत्ति के लिए 18 तक आवेदन करें: राज रानी

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को वर्ष एक अप्रैल 2024 तथा इसके बाद की खेल उपलब्धियों के लिए राज्य के नकद इनाम व छात्रवृति प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन आमंत्रित किए जा रहे है। अतः ऑनलाइन आवेदन 18 तक करने उपरान्त एक प्रति जिला खेल कार्यालय में जमा करवाएं।

### ग्रामीणों ने जिप चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**ढांड।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कौल में गांव कौल के विद्यार्थियों की आरक्षित सीट संख्या को कम करने को ले कर गाव की पंचयात ओर गांव के मौजीज व्यक्तियों द्वारा जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल को ज्ञापन सौंपा गया व अध्यक्ष जिला परिषद को साथ लेकर एक ज्ञापन चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविधालय के प्राचार्य ओपी चौधरी को सौंपा गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष कर्मवीर कॉल ने बताया की आज जो हम माननीय मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मिलकर बात करने की कोशिश करेंगे।

### दो दिन से गायब मजदूर का शव बरामद

**जींद।** गांव जयपुर के निकट दो दिन से गायब एक मजदूर का शव बरामद हुआ है। शव की सूचना मिलने पर सफीदों थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक के पेट पर चोट के निशान हैं। जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। गांव बडौदा बुडाना मुजफ्फर नगर निवासी साजिद (26) दस जून को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। गुरुवार को साजिद का शव मिला।

## योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएगी भाजपा

# केंद्र में भाजपा के 11 वर्ष पूरे होने पर अंत्योदय-सरल केंद्र में लगाई प्रदर्शनी

- बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष व डिप्टी स्पीकर ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन
- चित्रों, ग्राफिक्स और सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से दर्शायी सरकार की उपलब्धियां
- सरल केन्द्र का दौरा कर ली ऑनलाइन पोर्टलों की फीडबैक




जींद। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली व सरल केंद्र का दौरा करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को अंत्योदय सरल केंद्र प्रांगण में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली व डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार द्वारा जनहित में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रदर्शनी में पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उल्लेखनीय उपलब्धियों को चित्रों, ग्राफिक्स और सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से दर्शाया गया है। इसमें विशेष रूप से आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय, अवसंरचना विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया है। प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश को एक नई दिशा दी है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि 11 वर्षों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश एवं प्रदेश ने नित नए आयामों को छुआ है। आज प्रदेश व देश के हर वर्ग को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा मिल रहा है। केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा और अखंडता को मजबूत करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत आज वैश्विक पटल पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष तथा डिप्टी स्पीकर ने सरल केंद्र का दौरा किया। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रधान तिजेंद्र ढुल, भाजपा नेता डा. राज सैनी, जिला प्रभारी मदन गोयल, गौरव भारद्वाज मौजूद रहे।



जींद। विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

## सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित : डॉ. मिड्ढा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 वर्षों में नए कीर्तिमान स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सार्वजनिक विकास कार्यों, अंत्योदय, ग्रामीण क्षेत्र, गरीब उत्थान, महिला उत्थान तथा किसानों के कल्याण के लिए क्रियान्वित होने वाली परियोजनाओं के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नही है। प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति निसंकोच अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकता है। उपाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हलके की जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक निभाने की कोशिश करेंगे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि तथा एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के तहत जींद विधानसभा क्षेत्र के गांव ढांडाखेड़ी, जाजवान, इंटल खुर्द, जलालपुर कलां तथा जलापुर खुर्द गांव में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने करोडों रुपयों के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। डा. मिड्ढा ने गांवों की मांगों पर सिलसिलेवार बोलते हुए कहा कि ग्रामीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। भविष्य में भी वे बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य एवं तरक्की करवाने की भरपूर कौशिश करते रहेंगे। जींद की जनता उनके लिए अपना परिवार है। चुनाव के दौरान जो जनसमर्थन लोगों ने उन्हें दिया, उसके लिए वे हमेशा ऋणी रहेंगे और उनके विश्वास पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## सरल पोर्टल नहीं चलने से रुके प्रमाण पत्र

- सीईटी की अंतिम तारीख बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश सरकार का सरल पोर्टल पिछले 15 दिनों से अटका हुआ है। इसके कारण युवक, युवतियों के जातिए परिवार पहचान पत्र, रिहायशी जैसे प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। हरियाणा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट सीईटी के लिए आवेदन करने का वीरवार को अंतिम दिन था, लेकिन सरल पोर्टल नहीं चलने के कारण युवाओं के आवेदन नहीं ऑनलाइन हो पाए। युवाओं का कहना था कि तारीख को आगे बढ़ाने के साथ-साथ पोर्टल को दुरुस्त करें ताकि सीईटी के लिए आवेदन करने वाले युवा कर पाएं। युवाओं ने मांग की कि सीईटी आवेदन करने की अंतिम तिथि को 15 से 20 दिन बढ़ाया जाए। युवाओं का कहना है कि पिछले 15 दिनों से सरल पोर्टल के ठप होने से हजारों युवा परेशान हैं। इस तकनीकी खामी के कारण सीईटी के लिए आवेदन करने वाले युवा अपने जाति और रिहायशी प्रमाण पत्र नहीं बनवा पा रहे हैंए जिसके चलते वह सीईटी के लिए होने वाले आवेदन की शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जब सीईटी के लिए आवेदन करते हैं तो आवेदक के मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं आ रहे। जिससे आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाता। इससे युवाओं में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है और वह आवेदन की तारीख को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## अर्थव्यवस्था के मामले में भारत चौथे स्थान पर : बडौली

### ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर सैन्य ताकत दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली।

बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से 2025 में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में चौथे स्थान पर पहुंचा है और जल्द ही भारत विश्व की अर्थव्यवस्था में तीसरे स्थान को प्राप्त कर लेगा। वर्तमान में हमारी सेवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। जिसका प्रमाण हमने पिछले दिनों देखा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत नारी सशक्तिकरण को बढ़ाने की दिशा में काम करते हुए संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना का काम किया है। इतना ही नहीं हरियाणा प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली गुरूवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा भी साथ रहे। उन्होंने कहा कि भारत आज आंख से आंख मिला कर बात करने वाला देश है। पिछले दिनों पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा जो हमला किया गया था। जिसका देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिन्दूर के तहत नौ आतंकियों ठिकानों, 11 एयरबेस ठिकानों को ध्वस्त कर सैन्य आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन के माध्यम से दूनिया को साफ संदेश भी दिया कि भारत की लड़ाई आंतकवाद के खिलाफ है और ये भी चेताया कि भारत शिकायत नहीं सीधी कार्रवाई करेगा। आज जहां हमारी सीमाएं सुरक्षित है वहीं किसानों को मजबूत किया गया है। किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। किसानों को खाद, दवाई की कोई किल्लत नहीं है। विभिन्न पोर्टलों के माध्यम से अनेकों महत्वकांक्षी योजनाओं से सभी लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं लागू की गई हैं। लोकल फोर वोकल पर कार्य करते हुए नए उद्यमियों को आगे बढने का मौका दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी करते हुए जहां मेडिकल कॉलेजों का निर्माण किया गया है वहीं एमबीबीएस की सीटों भी बढ़ाई हैं।

### कर्मियों ने कन्या भ्रूण हत्या को लेकर किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराये के तहत बागन वाला गांव में ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह व जगदीश कुमार स्वास्थ्य सुपरवाइजर की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गई व गर्भवती महिलाओं को व ग्रामीण महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने जागरूक करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंगानुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है। इस समस्या के निदान के लिए सरकार को ही नहीं बल्कि हम सभी को सामाजिक दृष्टि से जागरूक होना होगा। इसके लिए हमें रूढ़िवादी सोच का परित्याग करना चाहिए। ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए संतान उसी की देन है और लड़का-लड़की एक समान है।

## विधायक सतपाल जांबा बोले- पाखंडियों की पोल खोलते थे कबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**ये बोले**
- संत कबीर गांव-गांव जाते थे और ब्राह्मणों पाखंडियों की पोल खोलते थे

पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा के गांव फरल में कबीर जयंती पर बोल बिगड़े गए। उन्होंने कहा कि पुराने समय में संत कबीर जी गांव-गांव जाते थे और ब्राह्मणों पाखंडियों की पोल खोलते थे। उन्होंने बताया कि संत कबीर जहां सत्संग करते थे, ब्राह्मणों का विरोध करते थे। संत कबीर की इस बात को लेकर ब्राह्मण समाज में उनके प्रति रोष था। उनका कहना था कि यह तो हमारी रोजी-रोटी बंद करवा कर ही दम लेगा इसलिए ब्राह्मणों ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया। संत कबीर जी देश दुनिया के कोने कोने में जाकर पाखंडवाद का विरोध किया। सतपाल जांबा ने कहा कि संत कबीर पाखंडवाद के पूरे विरोध में थे और उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया और उनका कहना था कि यह हमारी रोजी-रोटी को बंद करवाएगा। उन्होंने कहा कि पाखंड ज्यादा नहीं चलता। उसे समय ब्राह्मणों ने इकट्ठा होकर संत कबीर के खिलाफ एक मुहिम चलाई थी। जैसे ही विधायक की यह बात सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई तो उनके खिलाफ ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इसे लेकर समाज के लोगों की कईं बैठक भी जुटी। समाज के लोगों का कहना था कि विधायक कल तक जिस समाज के आगे सिर झुकाकर वोट की अपील करते थे आज उसी समाज को पाखंडी बता रहे हैं।

### समाज को पाखंडी बताना पूरी तरह से गलत: राजू डोहर

*राजू डोहर ने कहा कि किसी भी समाज को पाखंडी बताना पूरी तरह से गलत है। समाज के पूव प्रधान होने के कारण वे इसका खंडन करते हैं। पहले किसी समाज के बारे में गलत बयानबाजी देना और बाद में माफी मांगना कहां का औचित्य है। विधायक को किसी भी समाज के बारे में गलत कहने का कोई अधिकार नहीं है।*

### विधायक को ऐसी बातें कहना शोभा नहीं देती : नरेश

जिला सर्व ब्राह्मण सभा के प्रवक्ता नरेश भारद्वाज ने बताया कि विधायक को ऐसी बातें कहना शोभा नहीं देती। जांबा हमेशा समाज पर गलत टिप्पणी करते रहते हैं जो विधायक को शोभा नहीं देता। समाज इसका पूरजोर विरोध करता है तथा विधायक को आने वाले चुनाव में इसका पता चल जाएगा।

### बाद में मांगी समाज के माफी

जैसे ही विधायक को उनके खिलाफ समाज के लोगों द्वारा किए जा रहे विरोध का पता चला तो वे सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि वे सभी समाजों का आदर करते हैं। उनके बयान के तोड मरोड कर पेश किया गया है। वे समाज के हमेशा ऋणी रहेंगे। बता दें कि इससे पूर्व भी विधायक अपनी शैली के कारण विवादों में रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने पूंडरी खंड के एक गांव के कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि को कहा, सरपंचनी को बुला दो, हमें थोड़ी फीलिंग आएगी कि कोई देखने-सुनने आया है। बाद में जब महिला सरपंच व ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया तो विधायक ने समाज के सामने माफी मांगी थी।

## आयुष विभाग ने आईटीआई में करवाया कॉमन योग प्रोटोकॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में आयुष विभाग जींद और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कॉमन योग प्रोटोकाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रुद्राक्ष मिड्डा ने शिरकत की। विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास आयुष योग सहायक नवनीत द्वारा और प्रदर्शन नीलम द्वारा बहुत ही सहज तरीके से करवाया। सबसे पहले खड़े होकर करने वाले आसन वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन फिर बैठकर करने वाले आसन भद्रासन, उष्ट्रासन, दंडासन और इसके बाद लेट कर करने वाले आसन भुजंगासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन आदि का अभ्यास करवाया गया और प्राणायाम करवाया गया। अभ्यास के अंत में संकल्प करवाया गया। योगाभ्यास पूर्ण होने पर मुख्य अतिथि और आयुष विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। रुद्राक्ष मिड्डा ने विद्यार्थियों को योगा के फायदों के बारे में जानकारी दी और प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग हमें जीवन की कठिनाइयों से लडऩे की शक्ति देता है। योग करने से हमें शान्ति मिलती है।

## पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार ने किया ओम अस्पताल और श्वेता स्कूल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार के साथ एडवोकेट गौरव वालिया व दीपक वालिया।

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री एवं विकास एवं पंचायत, खनन तथा भूविज्ञान विभाग के प्रभारी कृष्ण लाल पंवार ने आज पूंडरी में ओम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और श्वेता रॉयल स्कूल का दौरा किया। ये प्रतिष्ठान पूंडरी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विख्यात हैं और इनका संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी गौरव वालिया और दीपक वालिया द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने गहरी आत्मीयता और भावनात्मकता के साथ कहा स्व. यशपाल वालिया मेरे जीवन के उन लोगों में से थे जिनसे न सिर्फ राजनीतिक, बल्कि पारिवारिक और आत्मीय संबंध थे। उनका स्नेहपूर्ण व्यवहार आज भी स्मरण में जीवंत है। पूंडरी में जब भी आता हूं, यहां आकर एक अपनापन महसूस होता है। वालिया परिवार की ओर से मंत्री पंवार का भव्य स्वागत किया गया। गौरव वालिया और दीपक वालिया ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और अपने प्रतिष्ठानों की प्रगति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता की जानकारी दी।

गौरव वालिया व दीपक वालिया ने कहा कृष्ण लाल पंवार जी ऐसे नेता हैं जो ज़मीन से जुड़े हुए हैं। वे अपने कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और पुराने साथियों को कभी नहीं भूलते। उनका सरल स्वभाव और स्पष्ट दृष्टिकोण उन्हें जनता का सच्चा प्रतिनिधि बनाता है। उन्होंने कहा कि पंवार साहब का आज हमारे प्रतिष्ठान पर आना केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि हमारे परिवार के लिए एक प्रेरणा है। वह ऐसे नेता हैं जो संबंधों को राजनीति से ऊपर मानते हैं।

### 21 जून को अनाज मंडी में मनाया जाएगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## 20 जून को पायलट रिहर्सल होगी, योग दिवस को लेकर तैयारियां पूरी रखें विभाग: गिरीश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। आरटीए गिरीश कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं आरटीए गिरीश कुमार ने कहा कि हर वर्ष तरह इस बार भी आगामी 21 जून को अतिरिक्त अनाज मंडी में जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले 20 जून को पायलट रिहर्सल करवाई जाएगी। इसको लेकर संबंधित विभागों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी विभाग समय रहते अपने अपने विभाग से संबंधित तैयारियों पूरी रखें। आरटीए गिरीश कुमार वीरवार को अपने कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह सात बजे योग दिवस समारोह का शुभारंभ होगा। इसमें सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, खिलाड़ी, योग प्रशिक्षु, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के क्लबों से जुड़े लड़के एवं लड़कियां व जनप्रतिनिधि शामिल हैं। इसमें बिजली, पानी, शौचालय, साउंड सिस्टम, टेंट आदि की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिभागियों के लिए टी-शर्ट का प्रबंध करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं नगर परिषद, पीडब्ल्यूडी विभाग कार्यक्रम स्थल पर टेंट व स्टेज आदि का प्रबंध करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश द्वार, सजावट व साफ सफाई का कार्य नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों की टीम सहित एक एम्बुलेंस खड़ी करवाना सुनिश्चित करेंगे। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पानी व शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा अन्य विभाग जैसे पुलिस, हरियाणा रोडवेज, खेल, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, बागवानी, बिजली विभाग सहित सभी विभाग अपनी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी पालन करें। इसके अलावा उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा।